प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 08 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आर0के0 गौतम के निर्देशन पर व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री तेजबहादुर सिंह के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे धरपकड जुआ अभियान के तहत थानाध्यक्ष श्रीनगर दिनेश तिवारी द्वारा गठित टीम उ0नि0 सुरेन्द्रनाथराम मय टीम द्वारा ग्राम ननौरा से 08 नफर अभियुक्तो को जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 52 अदद ताश पत्ता व कुल 4360 रूपये मालफड व 1700 रूपया जामा तलाशी बरामद हुये। गिरफ्तारी व बरामद माल के आधार पर अभि0गणो के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 95/22 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 सुरेन्द्रनाथ राम थाना श्रीनगर जनपद महोबा
2.का0 रोहित कुमार थाना श्रीनगर जनपद महोबा
3.का0 लवकुश थाना श्रीनगर जनपद महोबा
4.का0 जगवीर थाना श्रीनगर जनपद महोबा
5.का0 अनुज थाना श्रीनगर जनपद महोबा
6.का0 शीलू थाना श्रीनगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.धरमदास पुत्र हरीदास रैकवार उम्र 32 वर्ष नि0 ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा
2. महेश पुत्र चंदू कुशवाहा उम्र 20 वर्ष नि0 ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा
3. तेजराम पुत्र मुरलीधर उम्र 35 वर्ष नि0 ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा
4. भागीरथ पुत्र रामेश्वर अनुरागी उम्र 28 वर्ष नि0 ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा
5. अखिलेश पुत्र रमेशचन्द्र उम्र 28 वर्ष ग्रा0 कंचनपुरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा
6.नरेश पुत्र रामकिशन उम्र 28 वर्ष नि0 कंचनपुरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा
7. मो0 विलाल पुत्र मो0 महबूब उम्र 22 वर्ष नि0 श्रीनगर थाना श्रीनगर जनपद महोबा
8.दीपक यादव पुत्र अम्बिका प्रसाद उम्र 37 वर्ष नि0 कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा



## पीआरवी 1249 थाना खन्ना टीम ने घायल पड़ी महिला व नवजात शिशु को तत्काल चिकित्सकीय उपचार प्रदान कर बचायी जान-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस/112 पीआरवी टीम द्वारा लगातार सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं

इसी क्रम में दिनांक 08.06.2022 को पीआरवी थाना खन्ना 1249 को गस्त के दौरान जैसे ही बरभौली के पास पहुंचे तो एक मोटरसाइकिल सवार जिसमें एक महिला व नवजात शिशु रोड पर घायल अवस्था में पड़े थे।

पीआरवी कर्मियों ने तत्काल बाइक चालक व महिला को गंभीर चोट हैं तथा बच्चा ठीक, हल्की चोट है पीआरवी कर्मियों ने कन्ट्रोल रूम व उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल फील्ड इवेंट बनाकर घायलों को पीआरवी द्वारा खन्ना अस्पताल पहुंचाया जिससे उन्हें समय पर उचित उपचार मिल सका तथा बाइक चालक को जिला अस्पताल महोबा भेज दिया गया।

पीआरवी कर्मचारियों की तत्परता से दोनों घायलों को सीएचसी खन्ना समय पर पहुंचा कर परिजनों को सूचित किया गया। जिसकी मौजूद लोगों ने बहुत प्रशंसा की।

### पीआरबी स्टाफ 1249-

कमांडर - हे0का0 रतन कुमार सिंह
सब कमांडर - आरक्षी सुरेंद्र सिंह
पायलट - हे0का0 मो0 इदरीश





# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.06.2022

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय, महोबा में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 09.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय मौजूद रहे।






# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.06.2022

मीडिया सेल, महोबा

## "परिवार परामर्श केन्द्र" कमेटी ने परिवारों को बिखरने से बचाया-

आज दिनाँक 09.05.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में "परिवार परामर्श केन्द्र" कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय की अध्यक्षता में तथा प्रभारी महिला थाना उ0नि0 शिल्पी शुक्ला सहित समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पारिवारिक विवाद वाले **08** मामलों को सुना गया, जिसमें परिवार परामर्श के सदस्यों की सूझबूझ से पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई, काउंसलिंग के फलस्वरूप **05** जोड़े आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को हुए राजी। अन्य मामलो में अगली तारीख दी गई।

इस परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 दीपिका पाल, म0कां0 रेखा देवी समाजसेविका सुश्री नेहा चन्सौरिया, समाजसेवी श्री शरद तिवारी दाऊ, श्री शिवकुमार गोस्वामी, मो0 हनीफ आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा में दंगा नियत्रंण/बल्वा ड्रिल का किया गया अभ्यास-

आज दिनांक 09.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी लाइन श्री उमेश चन्द्र द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में एन्टी राइट गन फायरिंग का अभ्यास कराते हुए सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को बल्वा ड्रिल का अभ्यास कराया गया।

दंगा निरोधी उपकरणों जैसे एन्टी राइट गन/रबर बुलेट/अश्रुगैस के गोले/ ग्रेनेड/डंडा/हेलमेट/वॉडी प्रोटेक्टर/कैन्शील्ड/हैण्ड गार्ड/लेग गार्ड आदि को चेक करते हुए अल्प समय में इन उपकरणों से सुसज्जित होकर दंगा नियन्त्रण करने का अभ्यास कराया गया।

सभी को सदैव दंगा निरोधी उपकरणों से अल्प समय में ही सुसज्जित होने, साफ-सुथरी वर्दी धारण करने, पुलिस विभाग की गरिमा बनाये रखने हेतु सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश व हिदायतें दी गयी।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक**09.06.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा **श्रीमती सुधा सिंह** के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में शुक्रवार की नमाज के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **92** ई-चालान किये गये।







महोबा पुलिस